राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

rajssashaladarshan@gmail.com फोन–0141–2705937, 2711964

क्रमांक :राप्राशिप/जय/शाला दर्शन/2016–17/ 16031 दिनांक : 09/03/2017

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारं.)
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
सर्व शिक्षा अभियान
समस्त जिले।

विषयः– शाला दर्शन पर BEEO एवं School लॉगिन पर नए शुरू किए गए मोड्यूलों की प्रविष्टी करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशित कर लेख है कि शाला दर्शन पोर्टल के **School** मीनू में कुछ नए मोड्यूल प्रारम्भ किये गए है जिन पर निम्नारूप आवश्यक कार्यवाही करावें–

1- School Verification

यह मोड्यूल BEEO लॉगिन पर ही शुरू किया गया है। इस मोड्यूल में वर्तमान में शाला दर्शन पोर्टल पर Active (कार्यशील) स्कूलों की सूची प्रदर्शित की गई है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक स्कूल के लिए **माह जनवरी 2017 का वेतन आहरित स्टाफ की कुल संख्या (यहां विद्यालय में कार्यरत स्टाफ और वेतन आहरित स्टाफ की संख्या में अंतर होने पर वेतन आहरित स्टाफ की संख्या ही प्रविष्ट करनी है) एवं विद्यालय की वर्तमान स्थिति (कियाशील है/बंद हो चुका है/दूसरे विद्यालय में मर्ज हो चुका है/माध्यमिक शिक्षा में क्रमोन्नत हो चुका है/प्रारम्भिक शिक्षा विभाग का विद्यालय नहीं है)** की प्रविष्टी करनी है।

उपरोक्त सूची में प्रदर्शित स्कूलों के अलावा अन्य कोई राजकीय स्कूल BEEO कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में संचालित है तो उसकी Add New School से नयी प्रविष्टी करनी है। **यहॉ यह विशेष ध्यान रखा जाये कि BEEO कार्यालय के अधिकार क्षेत्र की सभी राजकीय स्कूलें प्रदर्शित होनी चाहिए।** इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दिनांक 17.03.2017 तक पूरा करवाना सुनिश्चित करावें।

2- PEEO School Mapping

यह मोड्यूल केवल BEEO लॉगिन पर ही शुरू किया गया है। इस मोड्यूल में सर्वप्रथम PEEO (ग्राम पंचायत) का चयन करना है। PEEO का चयन करने पर PEEO से संबंधित सूचना प्रदर्शित होगी उसके बाद उस PEEO के अधिकार क्षेत्र में आने वाली स्कूलों का एक–एक चयन करते हुए, सभी PEEO की मैपिंग पूरी करनी है। **चयनित PEEO एवं अधिकार क्षेत्र के विद्यालय संबंधित रिपोर्ट भी उपलब्ध करवायी गयी है।** इस कार्य को भी दिनांक 17.03.2017 तक पूरा करवाना सुनिश्चित करावें।

www.rajteachers.com

3- विद्यालय भवन फोटो अपलोड–

यह मोड्यूल BEEO एवं School दोनों लॉगिन पर शुरू किया गया है। इस मोड्यूल में विद्यालय से संबंधित निम्न प्रकार के फोटोग्राफ अपलोड करवाये जाने है–

- विद्यालय भवन का फ्रंट व्यू।
- विद्यालय की श्रेष्ठ प्रयोगशाला (कम्प्यूटर लैब/गणित/विज्ञान/भाषा लैब/पुस्तकालय/अन्य)।
- विद्यालय का श्रेष्ठ कक्ष (ए.बी.एल./कक्षा कक्ष/सभा कक्ष/लहर कक्ष/संस्था प्रधान कक्ष/अन्य)।
- विद्यालय सह–शैक्षिक गतिविधियां (प्रार्थना सभा/सांस्कृतिक कार्यक्रम/क्रीडा प्रतियोगिता/SUPW शिविर/अन्य शिविर/बाल सभा/सामुदायिक जागृति दिवस/एस.एम.सी साधारण सभा/बच्चों की रैली/PTA/खेल मैदान/विद्यालय कैम्पस/अन्य समारोह एवं प्रतियोगिताएं)।

उपरोक्त चारों प्रकार की पहले (Before) की एवं वर्तमान (After) की दोनो प्रकार की फोटोग्राफ अपलोड करनी है। यहां वर्तमान (After) से तात्पर्य नवीनतम किए गए बदलाव के बाद की स्थिति से है, और पहले (Before) से तात्पर्य नवीनतम किए गए बदलाव से पहले की स्थिति से है। यदि नवीनतम किए गये बदलाव से पहले की स्थिति का फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं है तो पहले (Before) के फोटोग्राफ के स्थान पर **उपलब्ध नहीं ऑप्शन** का चयन करें। फोटोग्राफ की साईज 150 KB से कम और 200 KB से अधिक नहीं होना चाहिए एवं Resolution अच्छा होना चाहिए।

उक्त समस्त बिन्दुओं को गंभीरता से लेते हुए पालना सुनिश्चित करावें।

(डॉ. जोगा राम)
आयुक्त

क्रमांकः–राप्राशिप/गुणवत्ता शिक्षा/शा.दर्शन/2016–17/16032 दिनांक : 09/03/2017

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
3. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर।
4. उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त संभाग, राजस्थान।
5. अति. जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
6. बी.ई.ई.ओ. कार्यालय सभी।
7. रक्षित पत्रावली।

(मुकुल शर्मा)
अति.आयुक्त

www.rajteachers.com